# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-108 | सागवाड़ा, बुधवार,21 दिसम्बर, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## पत्नी ने अपने बेटे के उम्र की प्रेमी के साथ मिलकर पति की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

### दूंढी गांव में आंगन में संदिग्ध हालात में शव मिलने के प्रकरण का खुलासा

**सीमलवाड़ा ।** कुंआ पुलिस थाना ने ढूंढी गांव में आंगन में संदिग्ध हालात में शव मिलने पर प्रकरण का खुलासा कर मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उप अधीक्षक सीमलवाड़ा रामेश्वर लाल चौहान ने बताया कि कुंआ पुलिस ने ढूंढी निवासी कंकू पत्नी भूरा कटारा और उसके प्रेमी सारण खास निवासी शंकर लाल पुत्र परथेंग डामोर को गिरफ्तार किया है। एसपी राशि डोगरा डूडी, एएसपी सुरेश कुमार सांवरिया, सीमलवाड़ा डीवाईएसपी रामेश्वर लाल चौहान के निर्देशन में कुंआ थानाधिकारी गोपाल नाथ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने घटना के खुलासा को लेकर मुखबिर तंत्र , गोपनीय सूचनाओं का संकलन कर तकनीकी सुविधाओं का उपयोग कर दोनों आरोपियों को डिटवास कडाना गुजरात के जंगल से गिरफ्तार किया है जोकि दोनों गिरफ्तारी से बचने इधर उधर छुप रहे थे।

दोनों ने भूरा कटारा की 17 दिसंबर की रात को गले में रस्सी का फंदा लगाकर भूरा की हत्या करना स्वीकार किया है। टीम में थानाधिकारी गोपाल नाथ, हीरालाल, राजमल, गणेशलाल, मंजुला, इंद्रजीत, भागीरथ, लोकेश, अनिता, चंद्रपाल सिंह, रीना एवं हेमेंद्र सिंह शामिल हैं।

डिप्टी रामेश्वर लाल चौहान ने बताया कि ढूंढी निवासी भूरा पुत्र देवा कटारा का शव आंगन में संदिग्ध हालात में मिला था। मृतक के पिता ने मृतक की पत्नी कंकू पर शक जता कर मामला दर्ज कराया था। मामले में बताया कि 16 दिसंबर की रात को भूरा और उसकी पत्नी कंकू के बीच झगड़ा हुआ था, कंकू द्वारा मोबाइल से किसी और से बात करने पर भूरा ने मोबाइल ले लिया था। सुबह कंकू घर से गायब हो गई थी। रात को कंकू ने अपने बेटे की उम्र का प्रेमी शंकर के साथ मिल कर भूरा की गले में फंदा लगा कर हत्या की थी। हत्या को से ध्यान भटकाने शव को मोटर के बिजली बोर्ड के पास रख दिया जिससे भूरा की मौत करंट लगने से होने का साबित हो सके। लेकिन पुलिस ने दो दिन में ही खुलासा कर मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है।

## स्व. गौरीशंकर त्रिवेदी की छठी पुण्यतिथि पर ज़ील हॉस्पिटल में चार दिवसीय चिकित्सा शिविर आज से

### 24 दिसंबर तक ज़ील अस्पताल में परामर्श और जांचों पर 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी

**सागवाड़ा ।** वागड़ के सबसे बड़े हॉस्पिटल ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा के सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर वागड़वासियों को कई सौगातें देने जा रहा है। 24 दिसंबर को ज़ील हॉस्पिटल के चार साल पूरे होने हैं। स्व. गौरीशंकर त्रिवेदी की छठी पुण्यतिथि पर ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में चार दिवसीय विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। 21 से 24 दिसम्बर तक इन चार दिनों में ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में 40 प्रतिशत छूट के साथ 24 दिसंबर को उदयपुर व अहमदाबाद के 15 विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही 21 से 24 दिसंबर तक ज़ील अस्पताल में परामर्श और जांचों पर 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हेल्थ चेकअप पर भी 40प्रतिशत की छूट रहेगी। 16 से 22 दिसंबर गांवों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी शिविर स्थानीय ग्राम पंचायत भवन आयोजित किए जा रहे हैं। गाँव गाँव में आयोजित होने वाले नि शुल्क चिकित्सा शिविर में ज़ील हॉस्पिटल के फिजीशियन डॉ. निखिल और उनकी टीम से परामर्श लिया जा रहा है । 22 दिसंबर को फावटा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इसी के तहत 26 दिसंबर को सुबह11 से शाम छह बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। ज़ील हॉस्पिटल में राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत नि शुल्क ऑपरेशन किए जा रहे है। साथ ही आरजीएचएस के तहत नि शुल्क उपचार भी किया जा रहा है।

## पूर्व सांसद भगोरा ने लिया निर्माणाधीन सड़क का जायजा, गुणवत्तायुक्त कार्य के निर्देश

**सीमलवाड़ा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा मंगलवार को सीमलवाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। धंबोला से बांसिया सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया जहां पर सहायक अभियंता रतनलाल कलासुआ से सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त कराने के निर्देश दिए हैं। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की सुविधा को लेकर लाखों करोड़ों रुपए का बजट स्वीकृत करती है, लेकिन घटिया निर्माण से आमजन को परेशान होना पड़ता है एवं सरकार की भी बदनामी होती है।

ऐसे में गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, युवा नेता रूपचंद भगोरा, शाहिद बंगा सहित मौजूद रहे। मंगलवार को वागड़ संत गोविंद गुरु की जन्म जयंती होने पर भगोरा ने जन्मस्थली मड़ी मगरी धाम बांसिया पहुंचे। गोविंद गुरु की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गादीपति करण गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया।

## शादी के 19 दिन बाद ही भागी लूटेरी दुल्हन 15 महीने बाद गिरफ्तार

### 3 लाख रुपए लेकर शादी रचाई, फिर जेवर लेकर हुई थी रफूचक्कर

**डूंगरपुर।** साबला थाना पुलिस ने एक लूटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लूटेरी दुल्हन शादी के 19 दिन बाद ही राखी पर गई जो वापस नहीं लौटी। आरोपी दुल्हन जेवरात भी लेकर फरार हो गई थी। पुलिस अब मामले में पूछताछ कर रही है।

साबला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की 1 अक्टूबर 2021 को अटल बिहारी पुत्र रमनलाल जैन निवासी साबला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की वह अविवाहित था। शादी के लिए लड़की की तलाश थी। इस दौरान उसकी मुलाकात एजेंट गुलाब सिंह पुत्र गंगाराम ठाकुर सिसोदिया निवासी भेरागढ़ कुम्हार भोपाल मध्यप्रदेश से हुई, जो शादी करवाने का काम करता है। एजेंट गुलाबसिंह ने सोना पुत्री धनंजय जायसवाल निवासी शिव पुरवा वाराणसी यूपी से मुलाकात करवाई। शादी करवाने एवज में 3 लाख रुपए मांगे, जिसे एजेंट को दिए। इसके बाद 3 अगस्त को शादी करवा दी। इसके बाद 21 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार होने से एजेंट गुलाबसिंह उसे अपने घर पीहर ले गया। उसकी पत्नी सोना शादी में दिए जेवर सोने की चैन, बाली और मंगलसूत्र ले गई। लेकिन इसके बाद से पत्नी सोना वापस घर नहीं आई। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की मामला सामने आने के बाद जांच की गई। इस दौरान दलाल गुलाबसिंह, दुल्हन का फर्जी मामा तिलक दान, दलाल की पत्नी रजनी गोड, दुलहन की फर्जी मां रेखा सराटे निवासी भोपाल मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया था। वही मामले में फरार लूटेरी दुल्हन सोना जायसवाल की जगह जगह तलाश की जा रही थी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। थानाधिकारी ने बताया की लूटेरी दुल्हन की तलाश के लिए टीम का गठन किया। 2दिन तक मध्यप्रदेश के भोपाल में रहकर लूटेरी दुल्हन की तलाश की। उसकी पहचान करते हुए सोना उर्फ लक्ष्मी डहेरिया (23) पुत्री दिनेश डहेरिया निवासी बंडोल थाना शिवनी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस लूटेरी दुल्हन को पकड़कर डूंगरपुर आई, जिससे पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया की लूटेरी दुल्हन ने पहले भी एक शादी की थी। जिसके बारे में पड़ताल की जा रही है।

## कोरोना काल में 2 पटवारी की मौत, CM ने दिये 50-50 लाख के 2 चेक



**अलवर।** CM अशोक गहलोत ने मंगलवार को अलवर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दो मृतक राज्य कर्मचारियों की आश्रित पत्नी को 50-50 लाख रुपए के चेक दिए। जिनकी कोविड के दौरान ड्यूटी पर रहते समय संक्रमण से मौत हुई थी। पहले मृतकों की पत्नी को अनुंकपा पर नौकरी दी। अब उनको कोविड के दौरान सरकार की घोषणा के अनुसार 50 लाख रुपए प्रत्येक आश्रित को बतौर सहायता दी है। 9 मई 2021 को सनित कुमार व 16 मई 2021 को रामेश्वर दयाल मीणा की कोविड से मौत हो गई थी। मृतक सनित कुमार नीमराणा व रामेश्वर दयाल मीणा रैणी में पटवारी के पद पर कार्यरत थे। जिनकी कोविड के दौरान ड्यूटी करते हुए मौत हो गई थी। इसके बाद संजू पत्नी सनित कुमार व कांता बाई पत्नी रामेश्वर दयाल मीणा को कनिष्ठ लिपिक व प्रयोगशाला सहायक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है। अब मुख्यमंत्री ने उनको 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। अनुकंपा नियुक्ति के बाद चेक राशि देते समय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ राज्य राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राजस्थान राज्य बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, विधायक राजेंद्र पारीक , जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खेतों से मवेशियो को ला रहे युवक की करंट लगने से मौत

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के सिदडी गाँव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक अपने खेतो से मवेशियो को लेकर लौट रहा था इस दौरान डीपी में हुए शोर्ट सर्किट से युवक को करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। युवक की डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।डूंगरपुर जिले के दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की दोवडा थाना क्षेत्र के सिदडी गाँव निवासी 55 वर्षीय जयदेव परमार पुत्र मोहनलाल परमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में जयदेव परमार ने बताया की कल उसका 26 वर्षीय बेटा अमित परमार खेतो पर मवेशी लेकर गया था वही शाम को अमित मवेशी लेकर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान गाँव के पास रास्ते में लगी डीपी पर अचानक शोर्ट सर्किट के बाद विस्फोट हुआ। वही इस दौरान पास से गुजर रहे अमित को करंट लगा और वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। इधर हादसे के बाद परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बेहोशी की हालत में परिजन अमित को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे। जहा पर जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना दोवडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और रात को शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज सुबह परिजन व पुलिस मोर्चरी पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने विद्युत विभाग पर समय पर डीपी का रखरखाव नहीं करने की वजह से हादसा होने का आरोप लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक अमित की शादी डेढ़ साल पहले ही हुई थी।

## पाटीदार समाज की खेलकूद प्रतियोगिता 31 से

**सागवाड़ा।** गुजराती लेउवा पाटीदार समाज जिला डूंगरपुर का 30 वा स्नेह सम्मेलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता सामलिया चौखले के सामलिया गांव में 31 दिसंबर 2022 से 1 जनवरी 2023 तक आयोजित होगी। खेल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर विद्यानगर में अरविन्द नयागांव की अध्यक्षता में तथा हिरण्य पाड़वा के मुख्यातिथ्य में बैठक आयोजित की गई। विशिष्ट अतिथि डायालाल पाड़वा, शिवशंकर भेमई, गोविंदराम दिवडा छोटा, शिवराम नादिया, कुन्दन पाटीदार सिलोही, महेन्द्र भेमई, प्रभुलाल सिलोही, कांतिलाल अंबाडा, राधेश्याम सेमलिया और नीरज घाटा का गांव थे। प्रारम्भ में खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र अंबाडा ने स्वागत किया। बैठक में खेल समिति के सचिव महेश पाटीदार जसेला ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में क्रिकेट खेल में पाटीदार समाज के सातों चौखलों, दोनों क्षेत्रों और तटस्थ ओड गांव से एक एक टीम भाग लेगी। वालीबाल, शूटिंग बाल (डायरेक्ट) में समाज के 91 गांवों की एक एक टीम भाग लेगी। बैडमिंटन खेल में सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग की टीमें भाग लेंगी तथा टेबल टेनिस में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र ने प्रभुलाल सिलोही को प्रतियोगिता का मुख्य निर्णायक नियुक्त किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डायालाल पाड़वा ने कहा कि खेल समिति पिछले 29 वर्षों से अनवरत खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर रही है यह प्रतियोगिता जिले की सबसे बड़ी प्रतियोगिता बन चुकी है जिसमें समाज के सभी युवा खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से भाग लेना चाहिए।

बैठक में गौतमजी नयागांव, लालशंकर अम्बाडा, हितेश ड़ैयाणा, दिनकर अम्बाडा, सुधीर घाटा का गांव, राकेश ड़ैयाणा, मोहनलाल सिलोही, धर्मेन्द्र वांदरवेड उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज का जिला अधिवेशन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**सागवाड़ा।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सागवाड़ा का जिला अधिवेशन एवं सम्मान समारोह वाल्मीकि मंदिर परिसर= में मंगलवार को हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष शंकरसिंह मनोहर, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद जैन, भंवर सेठ, संरक्षक नानूराम माली, क्षेत्रीय मंत्री शार्दुल चौबीसा, जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर चौबीसा, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया के आतिथ्य में हुए अधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने पेंशनरों की समस्त समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी समस्या आपकी हो तो मुझे फोन करें। आपकी समस्या के समाधान के लिए 24 घंटे प्रयासरत रहूंगा। उदयपुर अध्यक्ष भंवर सिंह सेठ ने 65, 70, 75 वर्ष के सदस्यों को 5,10,15 का परीलाभ हरियाणा, पंजाब की तरह दिलाई जाने का नगरपालिका अध्यक्ष से आग्रह किया। जिलाध्यक्ष चौबीसा ने कहा कि पैन्शनर अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक रहें। बैंकों से पैन्शनर फाइल कोष कार्यालय को भिजवाये जाने का आग्रह किया है। सभी फाइलों को कंप्यूटर में रिकॉर्ड इंदिरा किया जाना है। रिकॉर्ड कंप्यूटराइज होने पर बहुतायत समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो जाएगा। नानुराम माली, शार्दुल चौबीसा ने सभा को सम्बोधित किया इससे पहले सुरेखा जैन ने ईशवन्दना की। स्वागत उदबोधन जीवनलाल पाटीदार ने दिया। पालिकाध्यक्ष खोड़निया ने पेन्शनरो की सभी समस्याओं के निराकरण में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सहयोग प्रदान कराए जाने का आश्वासन करते हुए बताया कि गहलोत सदैव राज्य के स्वास्थ्य एवं अन्य जनहितकारी कार्यों में सहयोग प्रदान करने तत्पर हैं।

संचालन राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने किया और आभार विश्वनाथ पंड्या ने जताया। कार्यक्रम में नवीन सदस्य, 86 व 75 वर्ष के 32 एवं 80 वर्ष की आयु के 22 सदस्यों का सम्मान भी किया।

## मृत्यु भोज कुप्रथा को हुआ लेकर जागरूकता सेमिनार

**सागवाड़ा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डूंरगपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति सागवाडा के अध्यक्ष दिनेश कुमार गढवाल के निर्देशन में पंचायत समिति सागवाडा में मंगलवार को मृत्यु भोज की बुराइयों के बारे में आम जन में जागरूकता लाने व आमजन को मृत्यु भोज कुप्रथा के बारे में जानकारी देने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सभागार में न्यायालय के कर्मचारी प्रीतम पंडया, जगदीश पंचाल, विजय सेवक, प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, उपप्रधान नरेश पाटीदार, विकास अधिकारी मुलाराम सोलंकी, महेशचंद्र अहारी, राजेन्द्र भावसार, जितेन्द्र भावसार मौजूद रहे।


